हिन्दुस्तान
1936
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
बुधवार
5 जुलाई 2023, श्रावण कृष्ण पक्ष, द्वितीया, विक्रम संवत 2080, बरेली

PAGE NO.02 : RIGHT MIDDLE

12 चिकित्सकों को दिया गया विशेष प्रशंसा पत्र

एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में मनाया गया अपना दिवस।

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज ने मंगलवार को अपना 22वां स्थापना दिवस मनाया। एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक और चेयरमैन देव मूर्ति ने इस मौके पर बेहतर काम करने वाले डॉक्टरों को प्रशंसापत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

स्थापना दिवस समारोह में देव मूर्ति ने दस चिकित्सकों के पदोन्नति की घोषणा की और उन्हें प्रमोशन लैटर प्रदान किए। पिछले एक वर्ष में राज्यस्तरीय और राष्ट्रीय कांफ्रेंस के आयोजन के लिए पांच विभागों को प्रशंसा पत्र दिए गए। विशेष उपलब्धियों के लिए मेडिकल कॉलेज के 12 चिकित्सकों को भी विशेष प्रशंसापत्र दिया गया। स्थापना दिवस समारोह मेडिकल कॉलेज स्थित आडिटोरियम में हुआ। समारोह से पहले देव मूर्ति ने अपने पिता और संस्थान के प्रेरणास्रोत स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद स्वर्गीय श्रीराम मूर्ति के चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर हवन पूजन किया और बाद में पौधारोपण। इस मौके पर विद्यार्थियों के कनेक्सस क्लब ने भी केक काटा और चेयरमैन देव मूर्ति को उनके जन्मदिन पर बधाई दी। मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने संस्थान में सेवारत डॉक्टर और अन्य स्टाफ सहित सभी को 22वें स्थापना दिवस पर बधाई दी।